दिन–शुक्रवार दिनांक– 17 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खगड़िया में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने की घोषणा की। अस्पताल की जगह चिन्हित करने के लिए एक टीम आज करेगी दौरा।
02. ईडी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल की श्रीलंका स्थित दो सौ चौबीस करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त किया।
03. एनसीटीई ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस से एक वर्षीय बीएड कोर्स फिर से शुरू करने की मंजूरी दी।
04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कल से ठंड में और होगी बढ़ोतरी।

————————————————————————

खगड़िया में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल प्रगति यात्रा के क्रम में यह घोषणा की। श्री कुमार ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप अस्पताल की जगह चिन्हित करने के लिए एक टीम आज खगड़िया जा रही है।

————————————————————————

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कुछ कर्मियों ने इसे सरकार की सराहनीय पहल बताया।

———वॉक्सपॉप———

————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल की श्रीलंका के कोलम्बो स्थित दो सौ चौबीस करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की

संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया है। ईडी  ने बयान जारी कर कहा है कि कोलम्बो में निर्माणाधीन लग्जरी होटल और चार एकड़ भूमि पर पट्टे को अस्थाई रूप से जब्त किया गया है। गौरतलब है कि अमित कात्याल रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले का आरोपी है।

————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के परियोजना अभियंता जंग बहादुर सिंह के पटना और बक्सर स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आय से अधिक संपत्ति मामले में यह कार्रवाई की गयी है। जंग बहादुर सिंह पर पद का दुरूपयोग करते हुए करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

————————————————————————

राज्य में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को वाहनों के परमिट के साथ अन्य सभी तरह के दस्तावेज की जांच का अधिकार मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पहले सिर्फ परिवहन विभाग के अधिकारियों के पास वाहनों की परमिट समेत अन्य कागजात जांचने का अधिकार था। साथ ही बिना परमिट वाले वाहनों पर कार्रवाई करने का अधिकार भी मोटर यान निरीक्षक समेत परिवहन विभाग के पदाधिकारियों के पास ही हुआ करता था।

————————————————————————

बिहार भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण, रेरा के अधिकारी अब सर्टिफिकेट मामलों की सुनवाई करेंगे। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य होगा। रेरा, बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि एक छत के नीचे न्याय प्रदान करने के लिए यह आदर्श बदलाव है। उन्होंने बताया कि पटना के ललित भवन स्थित प्राधिकरण के जन सरोकार केंद्र में आज पहली सुनवाई होगी। इससे पहले ऐसे मामले जिला प्रशासन को स्थानांतरित किए जाते थे।

————————————————————————

पटना में होने वाले पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम दो दिन की जगह तीन दिन का होगा। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि नये कार्यक्रम के तहत उन्नीस जनवरी को

सचिवों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी राज्यों के विधानसभा और विधान परिषद के सचिव शामिल होंगे। पहले कार्यक्रम बीस और इक्कीस जनवरी को ही आयोजित किया जाना था।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद ने सुप्रीम कोर्ट में राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह को सदन से निष्कासित किये जाने के अपने फैसले को सही ठहराया है। कल हुई सुनवाई के दौरान परिषद के अधिवक्ता ने कहा कि सुनील कुमार सिंह न तो आचार समिति की बैठकों में शामिल हुए और न ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ की गई अपनी टिप्पणी पर खेद जताया। इस मामले की अगली सुनवाई बीस जनवरी को होगी। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने विधान परिषद की एक सीट के उपचुनाव का परिणाम सोमवार तक स्थगित कर दिया है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज वर्ष दो हजार चौबीस के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने आचार्य किशोर कुणाल का नाम पद्म विभूषण के लिए अनुशंसित किया है। समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देते हुए बिहार राज्य स्तरीय अनुशंसा समिति ने उनका नाम केंद्र सरकार को भेजा है। कैबिनेट विभाग की ओर से गृह मंत्रालय को यह अनुशंसा भेजी गई है। उन्नीस सौ बहत्तर बैच के आईपीएस अधिकारी रहे किशोर कुणाल का पिछले वर्ष उनतीस दिसंबर को निधन हो गया था।

———————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से...

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान अबतक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। त्रिवेणी के संगम पर भक्ति और आस्था का अद्‌भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में साधु–संत, कल्पवासी और श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए एकत्रित हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के संगम में स्नान किया। इधर, महाकुंभ में अगला अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर उनतीस जनवरी को किया जाएगा।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

बिहार पुलिस ने प्रयागराज महाकुंभ में होटल और परिवहन समेत अन्य सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी के प्रति लोगों को सचेत किया है। इस तरह की शिकायतें मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय ने परामर्श जारी करते हुए लोगों को ऑनलाइन बुकिंग के समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। परामर्श में कहा गया है कि गूगल सर्च से मिले किसी वेबसाईट, टोल फ्री नम्बर या अन्य किसी नम्बर पर भरोसा न करें। कुंभ मेले की आधिकारिक जानकारी कुंभ डॉट जीओवी डॉट आईएन पर प्राप्त की जा सकती है। साइबर अपराधों की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नम्बर–एक नौ तीन शून्य पर संपर्क कर सकते हैं।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अधिकांश स्थानों पर चार डिग्री सेल्सियस से भी कम का अंतर दर्ज किया गया है। इस कारण कनकनी बढ़ गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, समस्तीपुर के पूसा में शीतदिवस की स्थिति बनी रही। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही ठंड में और बढ़ोतरी होगी। न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है।

———————————————————————————

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन, एनसीटीई ने शैक्षणिक सत्र, दो हजार पच्चीस से एक वर्षीय बीएड कोर्स फिर से शुरू करने की मंजूरी दे दी है। एक साल का यह कोर्स वे छात्र ही कर पाएंगे जिन्होंने या तो चार साल की स्नातक उपाधि हासिल की हो या उन्हें स्नातकोत्तर की डिग्री हो।

———————————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट–यूजी पेन और पेपर मोड में ही होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि परीक्षा का आयोजन अभी ऑनलाइन मोड में नहीं किया जायेगा। यह फैसला शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच व्यापक विचार–विमर्श के बाद किया गया है।

———————————————————————

समस्तीपुर के वैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक एल्युमिनीयम फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट की घटना में गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों की डीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के बंजरिया के थाना अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान को निलंबित कर दिया गया है। चरस के साथ पकड़े गए तीन तस्करों को ट्रायल के दौरान कोर्ट में पहचानने से इनकार करने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————

पटना के सुल्तानगंज थाना के दो पुलिसकर्मियों समेत चार आरोपियों को शराब चुराने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनमें दारोगा मुरारी कुमार और सिपाही नागेंद्र पासवान समेत अग्निशमन चालक शैलेश कुमार यादव और एक निजी वाहन चालक संतोष कुमार पासवान शामिल हैं।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस से आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बाल मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे बाईस बच्चों को मुक्त कराया है। इस मामले में चार तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत चोरी और छीने गए लगभग छह लाख रूपये मूल्य के बत्तीस मोबाइल बरामद कर उसे उनके मालिकों को लौटा दिया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फ़ैसलों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – आठवें वेतन आयोग के गठन को केंद्र की मंजूरी।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – देशभर के पचास लाख कर्मचारियों और पैंसठ लाख पेंशन भोगियों को होगा लाभ।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – खगड़िया में खुलेगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – बीपीएससी पीटी रद्द करने की मांग से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश से इनकार सरकार से जवाब–तलब इकतीस को फिर सुनवाई।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – स्पेडेक्स मिशन कामयाब रही उपग्रह की डॉकिंग।

**आज अखबार** लिखता है – सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में आठवीं बार बनाया रिकॉर्ड। अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलकर स्पेसवॉक की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खगड़िया में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने की घोषणा की। अस्पताल की जगह चिन्हित करने के लिए एक टीम आज करेगी दौरा।
02. ईडी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल की श्रीलंका स्थित दो सौ चौबीस करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त किया।
03. एनसीटीई ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस से एक वर्षीय बीएड कोर्स फिर से शुरू करने की मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कल से ठंड में और होगी बढ़ोतरी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।